 Your Roll No. ...............

| | | |
|---|---|---|
| Sl. No. of Ques. Paper | : 5532 | F |
| Unique Paper Code | : 241302 | |
| Name of Paper | : Income Tax Law & Practice | |
| Name of Course | : B.Com. (Hons.) | |
| Semester | : III | |
| Duration | : 3 hours | |
| Maximum Marks | : 75 | |

(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिये गये निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिये।)

NOTE:— *Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

टिप्पणी:— *इस प्रश्नपत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।*

*Attempt **all** questions. All questions carry equal marks.*

*सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

1. (a) Define 'Previous Year'. Enumerate the cases in which the income of previous year is taxable in previous year itself.

'पिछले वर्ष' की परिभाषा दीजिये। ऐसे केसों का उल्लेख कीजिये जिनमें पिछले वर्ष की आय स्वयं पिछले वर्ष में कर-योग्य होती है। 5

(b) Y earns the following incomes during the previous year 2014-15. After being born in Dhaka on March 5th, 1947, he settled in USA in the year 1985. Since then, he is visiting India for 100 days every year. Compute his taxable income, particulars of which are furnished below, for the previous year 2014-15 relevant to assessment year 2015-16:

Y पिछले वर्ष 2014-15 के दौरान निम्नलिखित आयों को अर्जित करता है। 5 मार्च 1947 को ढाका में जन्मा वह 1985 में अमरीका में बस गया था। तब से वह हर वर्ष 100 दिन के लिये भारत आता है। उसकी आय का जो विवरण नीचे दिया गया है उसके आधार पर उसकी पिछले वर्ष 2014-15 के लिये करयोग्य आय का अभिकलन कीजिये, जो निर्धारण वर्ष 2015-16 के लिये प्रासंगिक है:

| | Rs. |
|---|---|
| Interest on American Development Bonds, 50 per cent of interest is received in India | 92000 |
| Dividend from a German Company received in USA | 20000 |
| Capital Gains on sale of Shares of an Indian Company received in India, STT not paid | 90000 |
| Profit from business in Mumbai received in USA | 64000 |
| Rent received of property at Mumbai (computed) | 192000 |
| Income from Profession (setup in India) in USA received there | 3000 |
| Dividend from PQR Ltd, an Indian Company | 10000 |
| Cash gift received in India from a friend on his birthday | 100000 |

| | Rs. |
|---|---|
| अमेरिकन विकास बाँडों पर ब्याज जिसका 50% भारत में प्राप्त हुआ | 92000 |
| जर्मनी की कंपनी से लाभांश जो अमरीका में प्राप्त किया गया | 20000 |
| भारतीय कंपनियों के शेयरों की बिक्री पर पूँजी-लाभ जो भारत में प्राप्त किया गया। इस पर STT नहीं दिया गया | 90000 |
| मुंबई में व्यापार से लाभ जो अमरीका में प्राप्त किया गया | 64000 |
| मुंबई में संपत्ति से प्राप्त किराया (अभिकलित) | |
| अमरीका में व्यवसाय (भारत में स्थापित) से आय जो वहीं प्राप्त हुई | 192000 |
| | 3000 |
| PQR लिमिटेड नामक भारतीय कंपनी से लाभांश | 10000 |
| उसके जन्म दिवस पर मित्र से नकद उपहार जो भारत में प्राप्त हुआ | 100000 |

10

*Or* **(अथवा)**

(a) Who is an 'Assessee' under the provisions of the Income Tax Act, 1961? What are different categories envisaged under the Income Tax Act?

आयकर अधिनियम, 1961 में दी गई व्यवस्थाओं के अनुसार 'निर्धारिती' कौन होता है? आय-कर अधिनियम के अंतर्गत बताई गई विभिन्न श्रेणियाँ कौनसी हैं? 5

(b) How is residential status of HUF determined?

HUF की आवासीय स्थिति का निर्धारण कैसे किया जाता है ? 5

(c) Gross total income of Mr. A (age 61), as computed under the Income Tax Act, for the assessment year 2015-16, is 450,000. He deposited Rs. 25000 in his PPF A/c. He earned net agricultural income of Rs. 300,000 during the financial year 2014-15. Compute the amount of tax payable by him for the aforeasaid assessment year.

मिस्टर A (आयु 61) की कुल सकल आय, जो आय कर अधिनियम द्वारा अभिकलित की गई है, निर्धारण वर्ष 2015-16 के लिये, 4,50,000 रु० है। उसने अपने PPF खाते में 25000 रु० जमा कराए हैं। उसने वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान 3,00,000 रु० की कृषि आय अर्जित की है। उपर्युक्त निर्धारण वर्ष के लिये उसके द्वारा देय कर की राशि का अभिकलन कीजिये। 5

2. From the following details, find out the net income and tax liability of Mr. X for the assessment year 2015-16: –

Mr. X was appointed as Accounts Officer by A Ltd on 1st February 2014 in the scale of Rs. 50000–Rs. 5000–Rs. 70000. D.A. is paid @ 15% of Basic Pay (it forms part of salary for retirement benefits) and Bonus equal to two months basic pay. He contributes Rs. 1,10,000 to his recognized provident fund. The employer company also contributes the same amount. He is provided with rent free accommodation in Mumbai which has been taken on rent by the company at Rs. 20000 per month. He is also provided with the following facilities:

निम्नलिखित तफसीलों से मिस्टर X की निर्धारण वर्ष 2015-16 के लिये निवल आय और कर-दायित्व ज्ञात कीजिये।

मिस्टर X को 50000–5000-70000 रु० के स्केल में 1 फरवरी, 2014 को A लिमिटेड द्वारा लेखाअधिकारी पद पर नियुक्त किया गया था। उसे महँगाई भत्ता मूल वेतन के 15% की दर से दिया जाता है (यह सेवानिवृत्ति लाभों के लिये वेतन का भाग होता है) और दो माह के मूल वेतन के बराबर बोनस दिया जाता है। वह 1,10,000 रु० अपनी मान्यताप्राप्त भविष्य निधि में डाल देता है। नियोक्ता कंपनी भी इतनी ही राशि का योगदान करती है। उसे मुंबई में किराया-मुक्त रिहायशी मकान दिया गया है जिसे कंपनी ने 20000 रु० प्रति मास किराये पर लिया है। उसे निम्नलिखित सुविधायें भी दी गई हैं:

The company reimbursed the medical treatement bill of Rs. 80000 of his daughter who is dependent on him.

Monthly salary of Rs. 4000 of the domestic servant is reimbursed by company.

He is getting telephone allowance of Rs. 2000 per month.

A wrist watch costing Rs. 4900 was gifted on the occasion of his marriage anniversary.

The company paid Rs. 20000 by way of medical insurance premium on the health of Mr X.

Running and maintenance expenses of the motor car (owned by Mr. X) amounting to Rs. 70000 were met by the company. The car is used for both official and personal purposes. Its cubic capacity is 1800 cc.

Cost of free lunch @ Rs. 100 for 300 days.

Details of his other incomes and investments, etc., are: Interest on saving bank A/c maintained with PNB Rs. 15000, Winnings from Nagaland lottery (net) Rs. 70000. He donated Rs. 10000 to Prime Minister National Relief Fund. Assume salary falls due on last day of the month.

कंपनी ने उसकी बेटी, जो कि उस पर आश्रित है, के चिकित्सीय इलाज पर 80000 रु० के बिल की प्रतिपूर्ती की है।

घरेलू नौकर के मासिक 4000 रु० के वेतन की भी कंपनी ने प्रतिपूर्ती की है।

उसे 2000 रु० प्रति माह टेलीफोन भत्ता मिलता है।

उसकी शादी की वर्षगाँठ के अवसर पर उसे 4900 रु० की हाथ घड़ी उपहार में दी है।

मिस्टर X के स्वास्थ्य पर चिकित्सा बीमा प्रीमियम के रूप में कंपनी ने 20000 रु० दिये हैं।

मोटर कार चलाने और रखरखाव संबंधी खर्चों के (कार मिस्टर X की है) 70,000 रु० की राशि कंपनी ने दी है। कार को सरकारी और व्यक्तिगत उपयोग के लिये प्रयोग में लिया जाता है। इसकी घन क्षमता 1800 CC है।

उसे 300 दिन के लिये 100 रु० की दर से निःशुल्क दोपहर के भोजन की लागत के रूप में दिया जाता है।

उसकी आमदनियों और निवेशों की तफसीलें ये हैं: PNB में खोले गये बचत बैंक खाते पर ब्याज 15000 रु०। उसने नागालैंड लॉटरी (निवल) से 70000 रु० जीते। उसने 10000 रु० प्रधानमंत्री राष्ट्रीय सहायता निधि में दान दिये। मान लीजिये कि उसका वेतन माह के अंतिम दिन देय होता है। 15

*Or* (अथवा)

(a) Illustrate provisions of the Income Tax Law relating to the valuation of the following perquisites:

(i) Interest Free Loan / Loan at Concessional Rate of Interest

(ii) Sale of Movable assets at Nominal Price.

निम्नलिखित आनुषंगिक लब्धियों के मूल्यांकन से संबंधित आयकर कानून की व्यवस्थाओं का वर्णन कीजिये:

(i) ब्याज मुक्त ऋण / रियायती दर वाले ब्याज पर ऋण

(ii) अंकित कीमत पर चल संपत्तियों की बिक्री। 5+5=10

(b) Briefly explain the provisions relating to exemption of encashment of earned leave (Sec 10AA).

अर्जित अवकाश की एवज में रोकड़ प्राप्त करने की छूट (धारा 10AA) से संबंधित व्यवस्थाओं की संक्षेप में व्याख्या कीजिये। 5

3. (a) Define Annual Value. State the deductions available from Annual Value in case of let out house property.

वार्षिक मूल्य की परिभाषा दीजिये। किराया पर दी गई संपत्ति के केस में वार्षिक मूल्य से की जाने वाली कटौतियों का उल्लेख कीजिये। 5

(b) Mr. X (55 years) owns a house property in Ghaziabad. It was acquired by Mr. X on October 10, 1986 for Rs. 6,00,000. He transfers it for Rs. 53,00,000 on November 4, 2014 (Stamp Duty Value Rs. 65,00,000). X pays brokerage @2%. He made following investments in order to avail of the exemptions arising out of the aforesaid Capital Gain transaction.

मिस्टर X (55 वर्ष) का गाजियाबाद में एक मकान है। इसे मिस्टर X ने 600,000 रु० में 10 अक्टूबर 1986 को अर्जित किया था। वह इसे 4 नवम्बर, 2014 को 53,00,000 रु० में अंतरित कर देता है (स्टाम्प ड्यूटी मूल्य 65,00,000 रु०)। X 2% की दर से आढ़त देता है। उसने उपर्युक्त पूँजीगत लाभ लेन देन पर मिलने वाली छूटों को प्राप्त करने के लिये निम्नलिखित निवेश किये हैं:—

Mr. X acquires a residential house property at Kolkata on December 10, 2014 for Rs. 10,00,000 and deposited Rs. 4,00,000 on July 16, 2015 and Rs. 1,00,000 on November 1, 2015 in Capital Gain Deposit Scheme in a Nationalized Bank for construction of an additional floor on the residential house property in Kolkata.

मिस्टर X, 10,00,000 रु० में 10 दिसंबर, 2014 को कोलकाता में एक रिहायशी संपत्ति अर्जित कर लेता है और 4,00,000 रु० 16 जुलाई, 2015 को और 1,00,000 रु० 1 नवम्बर 2015 को पूँजीगत लाभ जमा योजना में राष्ट्रीयकृत बैंक में, कोलकाता में रिहायशी संपत्ति के ऊपर एक मंजिल बनवाने के लिये जमा कर देता है।

Invests Rs. 7,00,000 on April 10, 2015 and Rs. 2,00,000 on June 15, 2015 in Rural Electrification Corporation Capital Gain Bonds.

Compute the chargeable amount of capital gain and tax liability of X for assessment year 2015-16 on the assumption that Mr. X's salary income (computed) is Rs. 490000. CII of 1986-87 and 2014-15 are 140 and 1024 respectively.

7,00,000 रु० 10 अप्रैल 2015 को और 200,000 रु० 15 जून, 2015 को ग्रामीण विद्युत निगम के पूँजीगत लाभ वाले बाँडों में निवेशित कर देता हैं।

पूँजीगत लाभ की राशि और X की निर्धारण वर्ष 2015-16 के लिये कर दायित्व का अभिकलन कीजिये, यह मान कर कि मिस्टर X की वेतन से आय (अभिकलित) 4,90,000 रु० है। 1986-87 और 2014-15 का CII क्रमशः 140 और 1024 है। 10

*Or* (अथवा)

(a) Mr. A owns a house at Gurgaon. Particulars of the same are given below:

| | |
|---|---|
| Municipal Valuation | 320000 |
| Fair Rent | 340000 |
| Standard Rent | 300000 |
| Municipal Taxes Paid by Mr. A | 30000 |
| Land Revenue (Payable) | 10000 |
| Fire Insurance Premium (Paid) | 10000 |

He borrowed Rs. 20,00,000 @ 9% p.a. from LIC Housing Finance Ltd for the construction of this house on 01-06-2010. Construction on this house was completed on 10-09-2012. The entire loan amount is still outstanding.

Compute his Income from the house property assuming:

(*i*) House property is self occupied throughout the previous year.

(ii) House is let out throughout the previous year at a monthly rent of Rs. 28,000.

मिस्टर A के पास गुड़गाँव में एक मकान है जिसके विवरण नीचे दिये गये हैं:

| | |
|---|---|
| नगर निगम मूल्याँकन | 320000 |
| उचित किराया | 340000 |
| मानक किराया | 300000 |
| नगर निगम कर जो मिस्टर A ने दिये हैं। | 30000 |
| भूमि राजस्व (देय) | 10000 |
| अग्नि बीमा प्रीमियम (भुगतान किया)। | 10000 |

उसने LIC हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड से 9% प्रतिवर्ष की दर पर 20,00,000 रु० इस मकान के निर्माण के लिये 1 जून 2010 को उधार लिये। इस मकान का निर्माण कार्य 10 सितंबर, 2012 को पूरा हो गया था। संपूर्ण ऋण अभी तक बकाया है।

गृह संपत्ति से उसकी आय का अभिकलन कीजिये यह मान कर कि:—

(i) गृह संपत्ति पिछले पूरे वर्ष स्वयं के प्रयोग में रही।

(ii) पिछले सारे वर्ष यह मकान 28,000 रु० प्रतिमास किराये पर रहा। 10

(b) Briefly explain the provisions relating to exemption of capital gains arising out of transfer of long term capital asset other than a house property (sec 54F).

गृह-संपत्ति के अलावा, (धारा 54F) दीर्घआवधिक पूँजीगत संपत्ति के अतरण से प्राप्त पूँजीगत लाभ की छूट से संबंधित व्यवस्थाओं की संक्षेप में व्याख्या कीजिये। 5

4. (a) Discuss briefly the provision relating to certain expenditure allowed on actual payment basis (sec 43B).

वास्तविक अदायगी आधार (धारा 43B) पर स्वीकृत खास खर्चों से संबंधित व्यवस्था की संक्षेप में विवेचना कीजिये। 5

(b) Special provision relating to computation of income on estimated basis in case of taxpayers engaged in the business of plying, hiring or leasing goods carriages (sec 44 AE).

माल-गाड़ियों को चलाने, किराये पर लेने अथवा पट्टा के व्यवसाय में लगे करदाताओं के केस (धारा 44AE) में अनुमान के आधार पर आय के अभिकलन से संबंधित विशेष व्यवस्था का वर्णन कीजिये। 5

(c) State whether the following receipts are chargeable to income tax or exempt for the assessment year 2015-16:

| | |
|---|---|
| Interest on enhanced compensation received on March 12, 2015 | 98000 |
| Rent received for letting out agricultural land for shooting of movie | 100000 |
| Advance forfeited on failed transfer of capital asset on 1st December 2014 | 150000 |
| Gifts received on marriage anniversary | 200000 |
| Building gifted by father (Stamp Duty Value) | 6000000 |

उल्लेख कीजिये कि निम्नलिखित प्राप्तियों पर निर्धारण वर्ष 2015-16 के लिये आय कर लगेगा या छूट मिलेगी:

| | |
|---|---|
| बढ़ी हुई प्रतिपूर्ति पर 12 मार्च, 2015 को प्राप्त ब्याज | 98000 |
| मूवी की शूटिंग के लियें कृषिगत भूमि को किराये पर देने पर प्राप्त किराया | 100000 |
| पूंजीगत संपत्ति के स्थानांतरण के असफल होने पर अग्रिम राशि को 1 दिसंबर 2014 को जब्त कर लिया गया | 150000 |
| शादी की वर्षगाँठ पर प्राप्त उपहार | 200000 |
| पिता द्वारा उपहार में दी गई बिल्डिंग (स्टाम्प ड्यूटी मूल्य) | 6000000 |

5

*Or* (अथवा)

X and Y are partners of M/S XY & Co. The Income and Expenditure Account for the year ending March 31, 2015 is furnished below:

| | Rs. | | Rs. |
|---|---|---|---|
| Office Expenses | 210000 | Receipts from clients | 1010000 |
| Salary to employee | 70000 | Interest recovered from X and Y on Drawings | 3000 |
| Income Tax | 42000 | | |
| Salary to X | 250000 | | |
| Salary to Y | 300000 | | |
| Interest on Capital to X @ 24% p.a. | 16000 | | |
| Interest on Capital to Y @ 24% p.a. | 19000 | | |
| Net profit (Shared by X and Y equally as per deed) | 106000 | | |
| | 1013000 | | 1013000 |

X और Y मैसर्स XY एण्ड कंपनी में भागीदार हैं। 31 मार्च 2015 को समाप्त हुये वर्ष के लिये आय और व्यय का लेखा नीचे दिया गया है:

| | रु० | | रु० |
|---|---|---|---|
| कार्यालय के खर्चे | 2,10,000 | प्राप्तियाँ ग्राहकों से | 10,10,000 |
| कर्मचारियों को वेतन | 70,000 | आहरणों पर X और Y से वसूला गया ब्याज | 3,000 |
| आयकर | 42,000 | | |
| X का वेतन | 2,50,000 | | |
| Y का वेतन | 3,00,000 | | |
| X को 24% प्रति वर्ष की दर से पूँजी पर ब्याज | 16,000 | | |
| Y को 24% प्रति वर्ष की दर से पूँजी पर ब्याज | 19,000 | | |
| निवल लाभ (विलेख के अनुसार X और Y द्वारा *बराबर का हिस्सा)* | 1,06,000 | | |
| | 10,13,000 | | 10,13,000 |

Other information:

(i) Out of office expenses Rs. 18000 is not deductible by virtue of sections 30 to 37.

(ii) During the previous year, the firm sells a capital asset for Rs. 710000 (Indexed cost of acquisition being Rs. 145865).

(iii) Personal income and investments of partners are as follows:

| | *X* | *Y* |
|---|---|---|
| | Rs. | Rs. |
| Interest from Government Securities | 470000 | 423000 |
| Bank Interest | 600000 | 102000 |
| Deposit in Public Provident Fund | 70000 | 45000 |
| Medical Insurance Premium | 12000 | 11000 |

Find out the net income and tax liability of the firm and partners for the assessment year 2015-16 on the assumption that conditions of sections 184 and 40(b) are satisfied.

अन्य सूचनाएँ:

(i) कार्यालय के खर्चों में से 18000 रु० धारा 30 से 37 के गुणों द्वारा काटे जाने योग्य नहीं हैं।

(ii) पिछले वर्ष के दौरान फर्म, पूँजीगत संपत्ति को 7,10,000 रु० में बेच देती है। (अर्जित करने को सूचकांक लागत 1,45,865 रु० है)।

(iii) भागीदारों की व्यक्तिगत आय और निवेश निम्नलिखित है:

| | X | Y |
|---|---|---|
| | रु० | रु० |
| सरकारी प्रतिभूतियों से ब्याज | 4,70,000 | 4,23,000 |
| बैंक का ब्याज | 6,00,000 | 1,02,000 |
| सार्वजनिक भविष्य निधि में जमा | 70,000 | 45,000 |
| चिकित्सा बीमा प्रीमियम | 12,000 | 11,000 |

फर्म और भागीदारों की निर्धारण वर्ष 2015-16 के लिये निवल आय और कर-दायित्व ज्ञात कीजिये, इस अभिग्रह के आधार पर कि धारा 184 और 40 (b) की शर्तों की संतुष्टि हो गई है। 15

5. Explain the following with example (any *three*):

(i) Provisions relating to set-off and carry-forward of speculative business losses.

(ii) Deduction in respect of medical insurance premium (section 80D).

(iii) Clubbing of minor's income with individual's income.

(iv) Cases in which E-filing of return is mandatory.

निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** की उदाहरण देकर व्याख्या कीजिये:

(i) सट्टेबाजी के व्यवसाय की हानियों के समंजन और अग्रेनीत से संबंधित व्यवस्थाएँ

(ii) चिकित्सा बीमा प्रीमियम (धारा 80D) के संबंध में कटौती

(iii) व्यक्ति की आय के साथ अवयस्क की आय को जोड़ना

(iv) ऐसे केस जिनमें रिटर्न का ई-फाइलिंग अनिवार्य है। $5\times3=15$

*Or* **(अथवा)**

Attempt any *three* of the following:

(i) Discuss breifly the provisions regarding set-off and carry-forward of capital losses.

(ii) Deduction in respect of loan taken for pursuing higher education (Section 80E).

(iii) State briefly provisions relating to clubbing of spouse's remuneration with individual's income [sec 64(1)(ii)].

(iv) Verdict given in the case of Sheila Kaushik *vs* CIT.

निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** को कीजिये:

(i) पूँजीगत लाभों के समंजन और अग्रेनीत से संबंधित व्यवस्थाओं की संक्षेप में विवेचना कीजिये।

(ii) उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिये ऋण लेने (धारा 80E) से संबंधित कटौतियाँ

(iii) संक्षेप में उन व्यवस्थाओं का उल्लेख कीजिए जो पत्नी के पारिश्रमिक को व्यक्ति की आय के साथ जोड़ने (धारा 64(1) (ii)) से संबंधित व्यवस्थाओं का संक्षेप में उल्लेख कीजिये।

(iv) शीला कौशिक *बनाम* CIT के केस में दिया गया फैसला। $5 \times 3 = 15$